Title: Need to declare Dumaria-Areraj-Chhapwa State Road in Bihar as National Highway.

MATTERS UNDER RULE 377

श्री राधामोहन सिंह (मोतिहारी) : सभापति जी, चम्पारण बिहार का सीमान्त जिला है। इसका मुख्यालय मोतिहारी इन दिनों आई.एस.आई. गतिविधियों का केन्द्र बना हुआ है। भारत-नेपाल की खुली सीमा के किनारे का इलाका यातायात की दृटि से काफी असुविधाजनक है। एक राजमार्ग जो गोरखपुर-पीपराकोठी, मुजफ्फरपुर होकर जाता है, इसी राजमार्ग में पीपराकोठी से मोतिहारी छपवा होकर रक्सौल होते हुए नेपाल में प्रवेश करता है जो नेपाल जाने का मुख्य मार्ग है। दिल्ली, उत्तर प्रदेश एवं देश के अन्य हिस्सों के लोगों को गोरखपुर से बिहार में प्रवेश करने के बाद पीपराकोठी जाकर पुनः टेढ़े-मेढ़े राजमार्ग से छपवा जाकर रक्सौल और काठमांडू जाना पड़ता है।

अतः मेरी केन्द्र सरकार से मांग है कि बिहार में राट्रीय राजमार्ग में डुमरिया पुल के निकट से अरेराज, हरसिद्धी छपवा सड़क जो मात्र 35 कि.मी. लंबी है, इसे राट्रीय राजमार्ग घोाित कर शीघ्र निर्माण कराया जाए ताकि नेपाल जाने का मार्ग सुलभ हो और यातायात की दृटि से पिछड़े चम्पारण की जनता एवं देश के ऐसे नागरिकों का भी भला हो सके जो काठमाण्डु की ओर जाते हैं। इस मार्ग के निर्माण से राट्रीय सुरक्षा को भी काफी बल प्रदान होगा।